अप्रैल 2025 में संपन्न की गई राजभाषा विभाग, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल की विविध गतिविधियाँ

1. **राजभाषा निरीक्षण :-**

माह के दौरान श्री गौतम श्रीवास्तव, राजभाषा अधिकारी द्वारा स्थापना अनुभाग/सिगनल एवं दूरसंचार विभाग/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे/ नागपुर, वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर (कार्य)/ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे/ इतवारी, दरेकसा स्टेशन, सिंदेवाही स्टेशन, हट्टा रोड स्टेशन, मंडला फोर्ट स्टेशन तथा गंगाझरी स्टेशन (**कुल 07**) का राजभाषा विषयक मदों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाई गई त्रुटियों को दूर करने हेतु मार्गदर्शन एवं परामर्श दिया गया।

2. **जयंतियों का आयोजन :-** दिनांक 04.04.2025 को मंडल कार्यालय में हिंदी साहित्य के प्रख्यात साहित्यकार पद्मभूषण **माखनलाल चतुर्वेदी** जी की जयंती का आयोजन किया गया।

3. मंडल कार्यालय में दो प्रवेश द्वारों पर दैनिक आधार पर प्रशासनिक शब्दावली से " हिंदी शब्द लेखन " तथा " हिंदी में सुविचार लेखन योजना " संचालित की गई।

4. माह के दौरान श्री गौतम श्रीवास्तव, राजभाषा अधिकारी द्वारा ई – आफिस में हिंदी का प्रयोग एवं अधिकारियों द्वारा यथोचित टिप्पणियों/फुट नोट्स में हिंदी का प्रयोग करने के संबंध में वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक, सहायक मंडल सामग्री प्रबंधक, सहायक मंडल इंजीनियर (कार्य), सहायक मंडल इंजीनियर (रेलपथ), वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक (माल भाड़ा), सहायक मंडल सिगनल इंजीनियर (निर्माण) तथा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (कुल 07 अधिकारियों) को टेबल ट्रेनिंग दी गई।



5. **<u>यूनिकोड सक्रियण :</u>-** संदर्भित माह के दौरान इंजीनियरी तथा वित्त विभाग के नए खरीदे गए/ फार्मेटिंग किए गए कुल 05 कम्प्यूटरों में यूनिकोड इंस्टाल किया गया।

6. **<u>हिंदी में अनुवाद</u> :-**

संदर्भित माह में राजभाषा विभाग के कार्मिकों द्वारा दैनिक कंट्रोल बैठक के कार्यवृत्त (कुल 08 पृष्ठ) तथा तीसरी लाइन (डाउन मेन आउटर जॉइंट लाइन) के प्रावधान के संबंध में यार्ड रिमॉडलिंग के लिए गोंदिया स्टेशन पर एनआई के पूर्व तथा एनआई कार्य के लिए अस्थायी संचालन अनुदेश (कुल 06 पृष्ठ) का हिंदी में अनुवाद किया गया।

7. **<u>पुस्तक समीक्षा</u> :-** माह अप्रैल, 2025 में कुल 18 पुस्तक समीक्षाएं प्राप्त हुईं। प्राप्त पुस्तक समीक्षाओं में श्री रंजीत कुमार महतो, ट्रैकमैन- ।। एवं अंशकालिक हिंदी पुस्तकालयाध्यक्ष, कार्यालय वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर (रेलपथ)/नैनपुर की पुस्तक समीक्षा सर्वश्रेष्ठ समीक्षा पायी गई।